भारत सरकार

पंचायती राज मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 262

दिनांक 05.12.2023 को उत्तरार्थ

ग्राम मानचित्र एप्लीकेशन

†262. श्री पी.वी. मिधुन रेड्डी:

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ग्राम मानचित्र एप्लीकेशन ग्राम पंचायत स्तर पर योजना और कार्य-निष्पादन के बीच के अंतर को पाटते हुए किस प्रकार से कार्यकलापों की वास्तविक समय पर ट्रैकिंग और निगरानी को सक्षम बनाता है;

(ख) क्या ग्राम मानचित्र एप्लीकेशन जमीनी स्तर पर पारदर्शिता जवाबदेही और कुशल शासन के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यह एप्लीकेशन ग्राम पंचायत विकास योजनाएं तैयार करने के लिए भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) मानचित्रों और प्रौद्योगिकी का किस प्रकार उपयोग करता है?

उत्तर

पंचायती राज राज्य मंत्री
(श्री कपिल मोरेश्वर पाटील)

(क) पंचायती राज मंत्रालय द्वारा ग्राम पंचायत द्वारा स्थानिक योजना को प्रोत्साहित करने के लिए, भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) एप्लिकेशन "ग्राम मंच" (https://grammanchitra.gov.in) शुरू किया गया। यह एप्लिकेशन ग्राम पंचायतों को भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करके ग्राम पंचायत स्तर पर योजना बनाने में सुविधा प्रदान करता है और उनकी सहायता करता है। यह विभिन्न क्षेत्रों में किए जाने वाले विभिन्न विकासात्मक कार्यो हेतु बेहतर परिणामों के लिए एकल/एकीकृत भू-स्थानिक मंच और ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) के लिए निर्णय लेने में सहायक प्रणाली प्रदान करता है।

इसके अलावा, मंत्रालय ने mActionSoft को लॉन्च किया है, एक मोबाइल-आधारित समाधान जो कार्यों के लिए जीओ-टैग्स (अर्थात GPS कोआर्डिनेट्स) के साथ तस्वीरें कैप्चर करने में मदद करता है जिनका आउटपुट सामग्री के रूप में संपत्ति है। संपत्तियों का जीओ-टैगिंग सभी तीन चरणों में की जाती है, अर्थात (i) कार्य की शुरुआत से पहले, (ii) कार्य के दौरान, और (iii) कार्य के पूर्ण होने पर। यह सभी कार्यों और संपत्तियों से संबंधित सूचनाओं का संग्रह प्रदान करेगा, जैसे कि प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, जल संचयन, सूखा सुरक्षा, स्वच्छता, कृषि, चेक डैम, और सिंचाई चैनल्स आदि। m-ActionSoft एप्लिकेशन का उपयोग करके जीओ-टैग किए गए संपत्तियां ग्राम मानचित्र पर उपलब्ध हैं, जो ग्राम पंचायतों में विभिन्न विकासात्मक कार्यों की बेहतर दृश्यकलन को बढ़ावा देता है।

(ख) से (घ) वित्त आयोग निधि के तहत तैयार की गई संपत्तियों को पंचायतों द्वारा संपत्तियों की फोटो सहित जियोटैग किया जाता है। पंचायत के मानचित्र पर जियोटैग की गई संपत्तियों का जीआईएस डेटा ग्राम मानचित्र एप्लिकेशन पर देखा जा सकता है। ग्राम मानचित्र योजना संबंधी कई टूल प्रदान करता है जो ग्राम पंचायत अधिकारियों को यथार्थवादी/ सार्थक और कार्यान्वित किए जाने योग्य विकास योजनाएं तैयार करने में मदद करने के लिए जीआईएस तकनीक का उपयोग करते हैं। ये उपकरण विकास योजनाओं की तैयारी में निर्णय समर्थन प्रणाली प्रदान करते हैं जैसे विकास परियोजनाओं के लिए संभावित स्थलों की पहचान करने, परिसंपत्ति ट्रैकिंग, परियोजनाओं की लागत का अनुमान लगाने और परियोजनाओं के प्रभाव का आकलन करने के लिए उपकरण।

*****